मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—**cm-571**
**18/11/2021**

# मुख्यमंत्री ने गुरूनानक जयंती एवं कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दीं

पटना, 18 नवम्बर 2021 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गुरूनानक जयंती एवं कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दीं।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि गुरुनानक जी के व्यक्तित्व में दार्शनिक, योगी, गृहस्थ, धर्म संस्थापक, समाज सुधारक, कवि, देशभक्त एवं विश्वबंधु के गुण मिलते हैं। उन्होंने शांति, दया एवं मानवता का पवित्र संदेश देने के लिये चारों दिशाओं में बड़े पैमाने पर यात्राएं की थीं। गुरूनानक देव जी ने 'इक ओंकार' का नारा दिया था यानी ईश्वर एक है। गुरूनानक देव जी कहा करते थे कि किसी भी तरह के लोभ को त्याग कर, अपने हाथों से मेहनत कर और न्यायोचित तरीकों से धन अर्जित करना चाहिये। गुरूनानक देव जी के समग्र एवं समरस समाज बनाने के सपने को पूरा करने के लिये हम सभी को मिलकर काम करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर भी बिहारवासियों एवं देशवासियों को अपनी बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं।

वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुये प्रत्येक व्यक्ति का सचेत रहना नितान्त आवश्यक है। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव का सबसे अच्छा उपाय सोशल डिस्टेंसिंग है। बाहर निकलते समय मास्क का प्रयोग जरूर करें।

******